तापमान
अधिकतम 40.5 डिग्री
न्यूनतम 15.4 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि

रोहतक, गुरुवार 16 अप्रैल 2026


**शहर में आज**

- अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर।
- जिला प्रशासन द्वारा समाधान शिविर का होगा आयोजन।
- दमकल केंद्र के कर्मचारी देंगे धरना।
- संकटमोचन मंदिर में आरती व पूजन




# चिंगारी से भड़की आग, बुझाने वाले हड़ताल पर

## सुनारियां रोड पर फैक्ट्री में टैंक बनाते समय हादसा, कर्मचारियों ने भागकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



सुनारियां रोड स्थित एक फैक्ट्री को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब वेल्डिंग के दौरान निकली एक चिंगारी ने देखते ही देखते विकराल आग का रूप ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि फैक्ट्री के अंदर काम कर रहे 15-16 कर्मचारियों को अपनी जान बचाने के लिए भागकर बाहर निकलना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहर करीब 2:30 बजे फैक्ट्री के अंदर पेट्रोल और डीजल के टैंक बनाने का काम चल रहा था। इसी दौरान वेल्डिंग करते समय निकली चिंगारी पास में पड़ी खाली बोरियों पर जा गिरी। बोरियां पहले यहां रहे चावल गोदाम की बची हुई थीं, जो काफी ज्वलनशील हालत में थीं। चिंगारी के संपर्क में आते ही बोरियों ने आग पकड़ ली और कुछ ही मिनटों में आग ने पूरे हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया।

### आग लगते ही मची अफरा-तफरी

आग लगते ही फैक्ट्री के अंदर हड़कंप मच गया। कर्मचारियों ने बिना समय गंवाए काम छोड़कर बाहर की ओर दौड़ लगाई और किसी तरह अपनी जान बचाई। गनीमत यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन हालात कुछ देर के लिए बेहद भयावह हो गए थे।

### कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू

घटना की सूचना तुरंत डायल 112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझाने के दौरान आसपास के क्षेत्र में भी दहशत का माहौल बना रहा, क्योंकि फैक्ट्री में ज्वलनशील सामग्री मौजूद थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो यह बड़ी दुर्घटना का रूप ले सकती थी। खासतौर पर इसलिए क्योंकि फैक्ट्री में पेट्रोल-डीजल के टैंक बनाए जा रहे थे, जिससे खतरा और बढ़ गया था।

## आग लगने पर घटनास्थल पर नहीं जा रहे फायर कर्मी, रोडवेज ड्राइवर संभाल रहे मोर्चा

■ बीती 8 अप्रैल से धरनारत है फायर ब्रिगेड कर्मचारी, फरीदाबाद में कर्मियों की मौत के बाद शुरू हुई हड़ताल

रोहतक। इन दिनों एक गंभीर प्रशासनिक संकट खड़ा हो गया है, जिसका सीधा असर आम लोगों की सुरक्षा पर पड़ सकता है। शहर में यदि कहीं आग लगती है, तो उस पर समय रहते काबू पाना मुश्किल हो सकता है। इसकी मुख्य वजह फायर ब्रिगेड कर्मचारियों की हड़ताल और रोडवेज कर्मचारियों द्वारा फायर ब्रिगेड की गाड़ियां चलाने से इनकार करना है। दरअसल, फायर विभाग के कर्मचारी 8 अप्रैल से कार्यालय के बाहर हड़ताल पर बैठे हुए हैं। यह हड़ताल फरीदाबाद में आग बुझाने के दौरान दो फायर कर्मियों की मौत के बाद शुरू हुई। कर्मचारी मृतकों के परिवारों को एक करोड़ की आर्थिक सहायता और शहीद का दर्जा देने की मांग कर रहे हैं। जब से हड़ताल शुरू हुई है, तब से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां खड़ी हैं और कर्मचारी कम संख्या में उन्हें चला रहे हैं।



रोहतक। धरने पर बैठे कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कर्मचारी नेता। फोटो : हरिभूमि

### रोहतक में अब गाड़ी चलाने में आनाकानी कर रहे रोडवेज कर्मी

स्थिति को संभालने के लिए जिला प्रशासन ने रोडवेज कर्मचारियों की ड्यूटी फायर ब्रिगेड में लगा दी थी। लेकिन अब रोडवेज कर्मचारियों ने भी यह जिम्मेदारी निभाने से मना कर दिया है। उनका कहना है कि उन्हें फायर ब्रिगेड की गाड़ियां चलाने का अनुभव नहीं है और इस कारण वे किसी भी जोखिम को उठाने के लिए तैयार नहीं हैं।

### बढ़ रही आग की घटनाएं

इस पूरे घटनाक्रम ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। एक तरफ शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में आग लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं, वहीं दूसरी ओर फायर ब्रिगेड की सेवाएं लगभग ठप हो चुकी हैं। गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। ऐसे में शॉर्ट सर्किट और खेतों में आग लगने की घटनाएं आम हो जाती हैं।

## खबर संक्षेप



### सांपला के विकास को गति दे जनता : शर्मा

सांपला। नगरपालिका चुनाव को लेकर भाजपा ने अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में चुनाव प्रभारी एवं कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविन्द शर्मा और सह प्रभारी रोहतक के मेयर रामअवतार बाल्मीकि ने पुरानी अनाज मंडी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की। बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और चुनावी तैयारियों पर चर्चा की।

### दीपेंद्र हुड्डा को हुआ नायब का फोबिया : सुरेन्द्र माडू

रोहतक। भाजपा के युवा नेता एडवोकेट सुरेन्द्र माडू ने सांसद दीपेंद्र हुड्डा पर पलटवार करते हुए कहा कि हुड्डा पिता और पुत्र को नायब सैनी के नाम का फोबिया हो गया है। मुख्यमंत्री सैनी की जनता में बढ़ती लोकप्रियता का डर दीपेंद्र को दिनरात सताने लगा है। इसलिए सांसद सस्ती लोकप्रियता के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी को लेकर आए दिन अनाप-शनाप बयान बाजी करते हैं।

## न्यूज डायरी

### ग्रीन फील्ड स्कूल का प्रियांशु 94% के साथ टॉपर

रोहतक। ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल के छात्रों ने वार्षिक परीक्षा परिणामों में अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का लोहा मनवाते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। स्कूल का कुल परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा, जिससे अभिभावकों और शिक्षकों में खुशी की लहर है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष 43 छात्रों के बैच ने परीक्षा दी थी, जिनमें से सभी छात्र सम्मानजनक अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए हैं। परीक्षा में प्रियांशु ने सर्वाधिक 94 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान हासिल किया है। चित्रेश सिंधु ने 92% अंकों के साथ द्वितीय स्थान और भावेश 91% अंकों के साथ तृतीय स्थान। स्कूल प्रशासन ने कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है।


प्रियांशु


चित्रेश


भावेश

### मॉडल स्कूल के छात्रों ने परीक्षा में मारी बाजी



रोहतक। सीबीएसई द्वारा आज कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। विद्यार्थियों ने बेहतरीन परीक्षा परिणाम के साथ इतिहास रच दिया। विद्यार्थियों के सौ प्रतिशत परीक्षा परिणाम को देखते ही शिक्षकों के चेहरे खिल गए। खुशी ने 99.6 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया। केशव ने 99.2 प्रतिशत, पीहू ने 99 प्रतिशत मैत्री और नमन ने 98.8 प्रतिशत अरमान, रिषिता और जाह्नवी ने 98.2 प्रतिशत जोया और दीशु ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। अंग्रेजी मे छः, गणित में पांच, सामाजिक विज्ञान में दस, आई. टी में पंद्रह, ए. आई. में नौ, पेंटिंग में सौलह, बैंकिंग में एक विद्यार्थी ने शत - प्रतिशत अंक हासिल किए।

### जीडी गोयंका स्कूल का परिणाम रहा शानदार



रोहतक। जी.डी. गोयंका इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 10वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। इस वर्ष स्कूल का परिणाम न केवल शत-प्रतिशत रहा, बल्कि अधिकांश विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाकर अपनी उत्कृष्टता सिद्ध की। परीक्षा परिणामों में प्रतीक थपियाल ने 97.4% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। सक्षम ने 96% अंकों के साथ द्वितीय और आयुष ने 94.4% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी सफलता का परचम लहराया। गणित और कंप्यूटर में सक्षम ने गणित में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। वहीं, कंप्यूटर में प्रतीक और सक्षम दोनों ने ही पूर्ण अंक (100/100) हासिल किए।

# इंडस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में गाड़े झंडे, सरांशी 99.4% अंकों के साथ रही अव्वल

■ 98.8 प्रतिशत के साथ मानसी द्वितीय
98.6% के साथ आर्यन रहा तृतीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक के कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम ने एक बार फिर विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता को साबित किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणामों में सरांशी ने 99.4 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं मानसी ने 98.8 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा और आर्यन ने 98.6 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इनके अलावा अनुष्का (97.6%) और कृतिका (96.4%) ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर अपनी सफलता दर्ज कराई। अंग्रेजी और गणित में दो-दो विद्यार्थियों ने पूर्ण अंक (100 में से 100) प्राप्त किए। विद्यालय के 33 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कुल 50 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से ज्यादा अंक अर्जित किए। चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु और प्रधानाचार्य दीपक वशिष्ठ ने इस शानदार उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों व शिक्षकों की कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# एमडीएन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में लहराया परचम, हिमांशी प्रथम



परिणाम के बाद खुशी मनाते एमडीएन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी।

रोहतक। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में एम.डी.एन. पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए शानदार सफलता हासिल की है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे पूरे परिसर में उत्सव का माहौल है। परीक्षा परिणामों में हिमांशी ने 99.4% अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, रोनित खोखर ने 99.2% अंकों के साथ द्वितीय और शौर्य ने 99% अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में स्वर्णिम अध्याय जोड़ा। विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कुल 38 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक अर्जित किए हैं। इतना ही नहीं, विषयवार प्रदर्शन में भी छात्रों ने बाजी मारी है। कई विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर अपनी विशिष्ट प्रतिभा का परिचय दिया है। विद्यार्थियों की इस ऐतिहासिक सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.एस. पवार ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह उपलब्धि बच्चों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन और अभिभावकों के अटूट विश्वास का परिणाम है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### द आर्यन स्कूल में एनसीसी चयन प्रक्रिया



रोहतक। अनुशासन और दृढ़ संकल्प नेतृत्व की दिशा में पहला कदम है इसी विचार के साथ 15 अप्रैल को द आर्यन ग्लोबल स्कूल में एनसीसी चयन प्रक्रिया सफलतापूर्वक आयोजित की गई। कार्यक्रम में छात्रों ने बड़े उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लिया। चयन प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाए रखने के लिए इसमें लिखित परीक्षा के साथ-साथ शारीरिक और चिकित्सा परीक्षण भी शामिल किए गए। छात्रों की समग्र फिटनेस, क्षमता और मानसिक तैयारी का बारीकी से मूल्यांकन किया गया। प्रक्रिया की निगरानी गुरुग्राम की 5 हरियाणा बटालियन के कमांडेंट समीर कुमार, त्रिलोक सिंह, जयबीर सिंह, व कैप्टन सत्यवान ने की।

### आईपीएस स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत



रोहतक। डी.एल.एफ. कॉलोनी स्थित आई.पी.एस. सीनियर सकैण्डरी स्कूल के विद्यार्थियों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की मार्च-2026 की 10वीं की परीक्षा में एक बार फिर अपनी सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय ने गत वर्षों की परंपरा को कायम रखते हुए जिले में उत्कृष्ट कीर्तिमान स्थापित किया है। स्कूल की प्रधानाचार्या पूनम भ्याणा ने परीक्षा परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। उन्होंने गर्व के साथ बताया कि स्कूल के 6 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक और 29 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय व अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया है।

### वेद मॉडल स्कूल की डेजी ने प्राप्त किए 97% अंक

रोहतक। सीबीएसई द्वारा घोषित 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में वेद मॉडल स्कूल कालानौर के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा, जिसमें छात्रा डेजी ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया, बल्कि पूरे क्षेत्र में स्कूल का नाम रोशन किया। डेजी ने गणित विषय में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर एक विशेष कीर्तिमान भी स्थापित किया है। इस वर्ष विद्यालय से कुल 65 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। परीक्षा का स्तर और विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है। 10 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए। 23 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक हासिल कर मेरिट सूची में अपनी जगह बनाई। डेजी गणित 100%, गर्व मित्तल गणित 99 और भूमिका हिंदी 99% अंक हासिल किए। विद्यार्थियों की इस ऐतिहासिक सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य और शिक्षक वर्ग ने खुशी जाहिर की है।





### मॉडल स्कूल के मनन को मिले 95.6% अंक

रोहतक। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में रोहतक के होनहार छात्र मनन भाटिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिला व स्कूल का नाम रोशन किया है। स्थानीय मॉडल स्कूल के छात्र मनन भाटिया ने 95.6% अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। मनन की इस शानदार उपलब्धि की सूचना मिलते ही परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। गौरव भाटिया के पुत्र मनन की सफलता पर पूरे परिवार ने उत्साहपूर्वक जश्न मनाया। इस अवसर पर परिजनों ने मनन के साथ मिलकर केक काटा और एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाकर खुशियां साझा कीं। मनन की मेहनत और लगन को देखते हुए पिता गौरव भाटिया व परिवार के अन्य सदस्यों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया।



### गर्विका ने परीक्षा में 599 अंक हासिल किए

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की यूआईईटी के प्रोफेसर युद्धवीर सिंह की बेटी ने सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में 600 में से 599 अंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। छात्रा सीबीएसई से संबद्ध टीएसआर यूनिवर्सल स्कूल, भालौठ की होनहार छात्रा है। इनकी इस उपलब्धि ने न केवल उसके परिवार बल्कि पूरे स्कूल और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ा दी है। 99.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उसने कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया है। स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने इसे संस्थान के लिए गर्व का क्षण बताया और छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रोफेसर युद्धवीर सिंह ने बताया कि उनकी बेटी शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर रही है और उसने नियमित अध्ययन के साथ-साथ आत्मविश्वास बनाए रखा। उन्होंने इस सफलता का श्रेय बेटी की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग को दिया। छात्रा का सपना भविष्य में उच्च शिक्षा प्राप्त कर देश की सेवा करना है। उसकी इस उपलब्धि से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी कि समर्पण और मेहनत से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।


गर्विका

## न्यूज डायरी

### द आर्यन ग्लोबल स्कूल के छात्रों का परचम



रोहतक। द आर्यन ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में एक बार फिर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। हाल ही में घोषित परीक्षा परिणामों में विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर शानदार अंक अर्जित किए हैं। इस वर्ष के परिणामों में मेधावी छात्रा वैनिका हुड्डा ने 99% अंक प्राप्त किए और स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया।

### विद्याश्री स्कूल के छात्रों ने परीक्षा में पाई सफलता



रोहतक। बोर्ड परीक्षा के परिणामों में विद्याश्री स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम न केवल शत-प्रतिशत रहा, बल्कि बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाकर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता को साबित किया है। 50% विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी योग्यता सिद्ध की। 35% विद्यार्थियों ने 95% से अधिक अंक हासिल कर उत्कृष्ट श्रेणी में जगह बनाई।

### आईबी का लक्ष्य पीएम संग करेगा वर्चुअल संवाद



रोहतक। आईबी स्कूल के कक्षा 12 (मानविकी) के छात्र मास्टर लक्ष्य ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार उपलब्धि हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। लक्ष्य ने "भारत बजट क्वेस्ट" प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसके आधार पर उनका चयन विशेष वर्चुअल संवाद कार्यक्रम के लिए किया गया। इस उपलब्धि के तहत लक्ष्य को नरेंद्र मोदी के साथ वर्चुअल संवाद करने का अवसर मिला। इस कार्यक्रम में लक्ष्य ने सक्रिय भागीदारी निभाई और अपने विचार साझा किए।

### मिशन बुनियाद पर हुई ओरिएंटेशन व लेवल-3 परीक्षा



रोहतक। स्थानीय जेपी इंटरनेशनल स्कूल में मिशन बुनियाद 2026-28 बैच के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम और लेवल-3 की परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण चरण में कुल 219 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 184 ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपायुक्त श्री सचिन गुप्ता उपस्थित रहे।

### पुस्तकालय व्यक्तित्व निर्माण का केंद्र : कुलपति

रोहतक। महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मिलाप पुनिया ने बुधवार को विश्वविद्यालय परिसर स्थित विवेकानंद पुस्तकालय का दौरा कर विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया और उन्हें अध्ययन के प्रति प्रेरित किया। इस दौरान कुलपति ने छात्रों से बातचीत करते हुए कहा कि पुस्तकालय केवल किताबों का भंडार नहीं, बल्कि ज्ञान अर्जन और व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से लाइब्रेरी आने, पढ़ने की आदत विकसित करने और अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयासरत रहने की सलाह दी।



# बाबा मस्तनाथ पब्लिक स्कूल का भविष्य सीबीएसई की 10वीं परीक्षा में रहा टॉपर

■ 98.2% अंक के साथ कृष्णा रही द्वितीय

रोहतक। श्री बाबा मस्तनाथ पब्लिक स्कूल के प्रेसिडेंट महंत बालक नाथ योगी ने कक्षा दसवीं के सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि यह शानदार परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। कक्षा दसवीं के सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में भविष्य ने 98.4% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कृष्णा ने 98.2% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया। तमन्ना एवं अनन्या ने 97% अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। निदेशक पी. एन. मुज्जु ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय की उच्च स्तरीय शिक्षा प्रणाली और अनुशासन को दर्शाती है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में और अधिक ऊँचाइयाँ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्या कमला गिल ने भी सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को इस उत्कृष्ट परिणाम के लिए शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनके निरंतर प्रयास और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय का समग्र परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा, जिसमें 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 40 विद्यार्थी तथा 80% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 110 विद्यार्थी शामिल हैं।



रोहतक। परिणाम के बाद मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# मेयर आज वार्ड सात में लाखों के विकास कार्यों का करेंगे उद्घाटन

■ किला मोहल्ला में 20 लाख से बनेगी धानक समाज की धर्मशाला

रोहतक। रोहतक के वार्ड नंबर 7 को विकास कार्यों की नई सौगात मिलने जा रही है। राम अवतार वाल्मीकि, महापौर वीरवार को क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शुभारंभ और उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर स्थानीय निवासियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत किल्ला मोहल्ला स्थित धानक समाज धर्मशाला से होगी, जहां करीब 20 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास किया जाएगा। इसके बाद गोहाना अड्डा पर सार्वजनिक शौचालय का उद्घाटन किया जाएगा, जिससे आम जनता को बड़ी सुविधा मिलेगी।

सबसे अहम परियोजना गोहाना रोड पर वर्षों से जलभराव की समस्या के समाधान से जुड़ी है। टीबी अस्पताल के सामने से लेकर सुखपुरा चौक तक नए नाले के निर्माण कार्य का शुभारंभ सती भाई साईं दास धर्मशाला के पास नारियल तोड़कर किया जाएगा। इस परियोजना से क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान होने की उम्मीद है। इसके अलावा सुखपुरा चौक के पास पीडब्ल्यूडी कॉलोनी में स्थित पार्क में झूले और व्यायाम के लिए नई मशीनों का भी उद्घाटन किया जाएगा। वार्ड पार्षद कपिल नागपाल ने वार्डवासियों से अपील की है कि वे इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपने क्षेत्र के विकास के साक्षी बनें।

## 80 सीट क्षमता वाले पोस्ट ग्रेजुएट डेमोंसट्रेशन रूम का किया उद्घाटन

# शिशु रोग विभाग में अत्याधुनिक हाल के शुरू होने से शैक्षणिक व शोध गतिविधियों को मिलेगी नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के पीजीआईएमएस रोहतक के शिशु रोग विभाग के लिए बुधवार का दिन ऐतिहासिक रहा। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एच के अग्रवाल ने विभाग में नवनिर्मित पोस्ट ग्रेजुएट डेमोंसट्रेशन रूम का रिबन काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इस अत्याधुनिक हाल के शुरू होने से विभाग की शैक्षणिक और शोध गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित कुलपति डॉ एच के अग्रवाल ने चिकित्सकों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन का लक्ष्य पीजीआईएमएस को देश के अग्रणी चिकित्सा संस्थानों में शामिल करना है। इसके लिए इंफ्रास्ट्रक्चर को लगातार अपग्रेड किया जा रहा है। शिशु रोग विभाग में हर साल गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हजारों बच्चे इलाज के लिए आते हैं। ऐसे में जरूरी है कि यहां से प्रशिक्षित होकर निकलने वाले बाल रोग विशेषज्ञ क्लिनिकली और एकेडमिकली पूरी तरह सक्षम हों। यह नया डेमोंसट्रेशन रूम उसी दिशा में एक मजबूत कदम है। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि यहां से निकलने वाले डॉक्टर न केवल प्रदेश बल्कि देश में बाल स्वास्थ्य सेवाओं को नया आयाम देंगे।



रोहतक। नवनिर्मित पोस्ट ग्रेजुएट डेमोंसट्रेशन रूम का उद्घाटन करते कुलपति डॉ एच के अग्रवाल। फोटो : हरिभूमि

### सुविधाएं बेहतर

डॉ एचके अग्रवाल ने कहा कि बेहतर टीचिंग सुविधाएं सीधे तौर पर मरीजों की देखभाल से जुड़ी हैं। जब रेजिडेंट डॉक्टर को केस डिस्कशन और डेमोंसट्रेशन के लिए पर्याप्त स्थान और संसाधन मिलेंगे, तो वे जटिल बीमारियों को बेहतर तरीके से समझ पाएंगे और इलाज में उसका लाभ मरीजों को मिलेगा। कुलसचिव डॉ रूप सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन शिक्षा के साथ-साथ शोध को भी बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। कोई भी मेडिकल कॉलेज तभी बड़ा बनता है जब वहां से गुणवत्तापूर्ण शोध पत्र प्रकाशित हों। डीन छात्र कल्याण डॉ. सविता सिंघल ने डॉ. कुंदन मित्तल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने बहुत कम समय में इस प्रोजेक्ट को पूरा करवाया।

तापमान
अधिकतम 40 .5 डिग्री
न्यूनतम 15 .4 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि

रोहतक, गुरुवार 16 अप्रैल 2026

बेटियों ने फिर मारी बाजी ...



**रोहतक।** सीबीएसई ने बुधवार को 10वीं कक्षा का परिणाम घोषित कर दिया। इस बार भी बेटियों ने बाजी मारी। इसके बाद बच्चों ने जमकर जश्न मनाया। एग्जाम में अच्छे अंक आने पर खुशी जताती मॉडल स्कूल की छात्राएं।

## डीएमईआर ने दवाओं की कमी, जांच सुविधाओं और सफाई पर मांगा जवाब

# पीजीआई में ओपीडी भीड़ प्रबंधन की जिम्मेदारी अब विभागाध्यक्षों पर, सेवाओं में सुधार के सख्त निर्देश

## दवा वितरण व्यवस्था की निगरानी के लिए एचओडी जिम्मेदार

■ प्रदेश व पड़ोसी राज्यों से रोज करीब **8,000** मरीज आते हैं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के औचक निरीक्षण के दौरान दवाओं की कमी और मरीजों की लंबी लाइनों पर चिंता जताए जाने के बाद पीजीआईएमएस प्रशासन ने सेवाओं में सुधार और भीड़भाड़ वाली ओपीडी के बेहतर प्रबंधन के लिए सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। नए फैसले में संस्थान ने अब विभागाध्यक्षों (एचओडी) को



अपने-अपने विभागों में मरीजों के प्रवाह और आवश्यक सेवाओं के प्रबंधन के लिए सीधे तौर पर जवाबदेह बना दिया है। इसमें भीड़ का सुचारु प्रबंधन, समय पर उपचार, सैंपल जांच, तथा दवाओं की उपलब्धता और वितरण सुनिश्चित करना शामिल है। पीजीआईएमएस के निदेशक डॉ एसके सिंघल की तरफ से जारी निर्देशों में ओपीडी में आने वाले मरीजों को बिना परेशानी सेवाएं देने के लिए सभी संबंधित विभागाध्यक्षों को भीड़ प्रबंधन, सैंपल जांच और दवा वितरण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। किसी भी तरह की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा।

अनुमान के मुताबिक हरियाणा और पड़ोसी राज्यों से प्रतिदिन करीब 8,000 मरीज ओपीडी ब्लॉक में पहुंचते हैं, जिससे भारी भीड़ रहती है जो दोपहर तक बनी रहती है। हालांकि दबी जुबान में कुछ चिकित्सकों का कहना है कि वह ओपीडी में मरीजों का उपचार करें या फिर बाहर आकर लाइन लगवाने व जांच करवाने के लिए व्यवस्था करें।

### पत्र में कमियों को अस्वीकार्य बताया

चिकित्सा अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डीएमईआर) ने दवाओं, उपभोग्य सामग्री और जांच सुविधाओं की कमी के साथ-साथ असंतोषजनक स्वच्छता संबंधी मीडिया रिपोर्ट्स पर पीजीआईएमएस प्रशासन से विस्तृत स्पष्टीकरण मांगा है। विभाग ने आधिकारिक पत्र में इन कमियों को अस्वीकार्य बताया और तत्काल जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए हैं। पीजीआईएमएस प्रशासन से दवाओं और उपभोग्य सामग्री की कमी, खरीद और आपूर्ति प्रणाली में खामियों के कारणों सहित विस्तृत तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है।

### उचित व्यवस्था सुनिश्चित करें ताकि मरीजों को न हो परेशानी

पत्र में यह भी निर्देश दिया गया है कि आवश्यक दवा सूची में शामिल न होने वाली दवाएं लिखने वाले डॉक्टरों की जिम्मेदारी तय की जाए और ऐसे मामलों में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया, जिसमें जेनेरिक नामों का उपयोग भी शामिल है, स्पष्ट की जाए। इसके अलावा, पीजीआईएमएस को हाउसकीपिंग और कीट नियंत्रण व्यवस्था का ब्योरा देने के साथ-साथ प्रशासनिक, खरीद और क्लीनिकल स्तर पर जवाबदेही स्पष्ट करने के निर्देश भी दिए गए हैं। निदेशक डॉ एसके सिंघल ने बताया हम मरीजों को बिना किसी असुविधा के उपचार देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सभी विभागों को ओपीडी ब्लॉक में स्थान आवंटित किया गया है, इसलिए यह उनके प्रमुखों की जिम्मेदारी है कि वे उचित व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि मरीजों को परेशानी न हो।

### मंत्री ने निरीक्षण में जताई थी नाराजगी

गौरतलब है कि विगत दिनों स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने पीजीआईएमएस का निरीक्षण किया था। उन्होंने भीड़ लगने, उपचार न होने, दो बजे तक रजिस्ट्रेशन न किए जाने, एक दिन में जांच रिपोर्ट न मिलने और सफाई न होने पर नाराजगी जाहिर की थी। उन्होंने अधिकारियों को कार्रवाई के आदेश दिए थे। जिसके बाद कई चिकित्सकों पर गाज गिर चुकी है।

## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**महम।** गांव निंदाना में कार की टक्कर लगने से बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। महम थाना में दी शिकायत में निंदाना गांव निवासी धर्मपाल ने बताया कि उसका छोटा भाई धर्मेंद्र जिसकी उम्र 40 वर्ष है। 13 अप्रैल को शाम साढ़े 6 बजे अपनी बाइक पर सवार होकर महम से निंदाना की ओर आ रहा था। उसके मोटर साइकिल को पीछे से कार ने टक्कर मार दी। उसे घायलावस्था में महम अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसकी गंभीर हालत को देखाते हुए चिकित्सकों ने उसको रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। जब उसको पीजीआई ले जाया गया तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की दो बेटियां हैं, एक 11 वीं कक्षा तथा दूसरी छठी कक्षा में पढ़ रही है।

### आईएमटी चौक से बाइक चोरी का आरोपी पकड़ा

**रोहतक।** मोटरसाइकिल चोरी के मामले में पुलिस को सफलता मिली है। आईएमटी थाना पुलिस ने वारदात को सुलझाते हुए चोरी में शामिल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया है और मामले की आगे जांच जारी है। थाना आईएमटी प्रभारी उपनिरीक्षक अश्वनी कुमार के अनुसार, शास्त्री नगर निवासी निखिल की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि 10 अप्रैल को निखिल ने अपनी बाइक आईएमटी चौक के पास एक पार्क के बाहर खड़ी की थी। कुछ समय बाद लौटने पर बाइक वहां से गायब मिली। मामले की जांच मुख्य सिपाही शम्भु को सौंपी गई। टीम ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज, स्थानीय इनपुट और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान की। जांच के दौरान 14 अप्रैल को आरोपी को पकड़ने में सफलता मिली। आरोपी की पहचान अंकुश पुत्र कुलदीप निवासी जींद के रुप हुई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## लंबे समय से समस्या से जूझ रहे सेक्टर के लोगों को होगा फायदा, जल्द शुरू होगा काम

# 4 सेक्टरों में 70 करोड़ से होगा जलभराव का स्थायी इलाज

**30,000** से अधिक आबादी को लाभ बीमारियों पर लगेगा ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

शहर के सेक्टर-1, 2, 3 और 4 में हर बरसात के मौसम में होने वाली जलभराव की समस्या से अब लोगों को जल्द राहत मिलने की उम्मीद है। नगर निगम द्वारा इन क्षेत्रों में वर्षा जल निकासी को मजबूत करने के लिए करीब 70 करोड़ रुपये की लागत से एक महत्वाकांक्षी परियोजना को प्रशासनिक मंजूरी मिल गई है। इस योजना के तहत स्टॉर्म वाटर पाइपलाइन बिछाई जाएगी, जिससे बरसाती पानी का तेजी से और व्यवस्थित तरीके से निकास हो सकेगा। इस लाइन को बिछाने के लिए पूर्व पार्षद कदम सिंह अहलावत समेत आरडब्लयूए की टीम ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के बाहर धरना भी दिया था। बता दें कि चारों सेक्टरों में लगभग 200 से ज्यादा किलोमीटर लंबी यह पाइपलाइन डाली जाएगी, इस परियोजना को एक वर्ष के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी और संबंधित एजेंसियों से आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे।



एक साल में बिछाई जाएगी 200 किमी लंबी स्टॉर्म वाटर पाइपलाइन

धरने के बाद मिली मंजूरी, एक साथ शुरू होगा निर्माण कार्य

जल निकासी के लिए बनेगा मजबूत नेटवर्क, पानी की कमी भी होगी दूर

### बारिश में भर जाता था पानी

सेक्टरों में लंबे समय से जलभराव एक गंभीर समस्या बनी हुई है। हर बार बारिश के दौरान सड़कों, गलियों और बाजारों में पानी भर जाता है, जिससे न केवल यातायात बाधित होता है बल्कि स्थानीय निवासियों और दुकानदारों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ती है। जलभराव के कारण बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ जाता है।

### चार ठेकेदारों को सौंपे काम

पूर्व पार्षद कदम सिंह अहलावत का कहना है कि अगर निगम यह कार्य एक साथ चार ठेकेदारों को दे दे तो सभी सेक्टरों में एक साथ काम हो पाएगा। अगर किसी एक ठेकेदार को यह काम मिलता है तो यह काम एक साल में भी नहीं हो पाएगा। बारिश के मौसम से पहले यह लाइन साथ की साथ खोदी जाए और साथ की साथ पाइपलाइन बिछाई जाए। ताकि आमजन को जल्द से जल्द राहत मिल सकें।

### पानी निकासी के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा

लोगों की यह मांग काफी पुरानी थी। इसके लिए सदन में एक बार नहीं बहुत बार मांग उठा चुका हूं। तब जाकर यह काम सिरे चढ़ पाया है। बारिश के मौसम में जलभराव होने के बाद अन्य विकल्प यानी बाहर से जनरेटर मंगवाकर पानी निकलवाना पड़ता था। जिससे अतिरिक्त खर्च आ रहा था। ऐसे में अब स्थायी समाधान होने के बाद आमजन को पानी की निकासी के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। **-सुशील नांदल**, पार्षद

### मंजूरी मिल गई

नगर निगम द्वारा इन क्षेत्रों में वर्षा जल निकासी को मजबूत करने के लिए करीब 70 करोड़ रुपये की लागत से एक महत्वाकांक्षी परियोजना को प्रशासनिक मंजूरी मिल गई है। इस योजना के तहत स्टॉर्म वाटर पाइपलाइन बिछाई जाएगी, जिससे बरसाती पानी का तेजी से और व्यवस्थित तरीके से निकास हो सकेगा। इससे 30 हजार से ज्यादा की आबादी को राहत मिलेगी। इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का भी आभार व्यक्त किया जा चुका है।

**-रामअवतार वाल्मिकी,**
**मेयर, नगर निगम**

आग की उठती लपटें...



# एकता कॉलोनी में फटा सिलेंडर, झुग्गी में आग

*बाइक जली, दमकल की 3 गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

शहर की एकता कॉलोनी में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक झुग्गी में अचानक आग लगने के बाद सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। धमाके की आवाज सुनते ही आसपास के लोग दहशत में घरों से बाहर निकल आए। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी भी व्यक्ति को चोट नहीं आई, लेकिन एक मोटरसाइकिल आग की चपेट में आकर जल गई।

मिली जानकारी के अनुसार, एकता कॉलोनी निवासी राम जीवन की झुग्गी में आग लगी। बताया जा रहा है कि झुग्गी के अंदर दो से तीन गैस सिलेंडर रखे हुए थे। आग लगते ही सिलेंडरों ने आग को और भड़का दिया और कुछ ही देर में तेज धमाके के साथ ब्लास्ट हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, धमाका इतना तेज था कि आसपास के लोगों में भगदड़ जैसे हालात बन गए। लोगों ने तुरंत घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया।

दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और आसपास के घरों को सुरक्षित कर लिया। अगर समय रहते आग को नहीं बुझाया जाता, तो यह घटना बड़ा रूप ले सकती थी, क्योंकि कॉलोनी में झुग्गियां पास-पास बनी हुई हैं।

### पॉलिसी के नाम पर 2.30 लाख की ठगी, महिला समेत तीन गिरफ्तार

**रोहतक।** साइबर ठगी के मामलों में लगातार बढ़ोतरी के बीच पुलिस ने एक अहम कार्रवाई करते हुए महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला बीमा पॉलिसी के नाम पर ठगी से जुड़ा है, जिसमें गांव गद्दी खेड़ी निवासी रामदास को झांसा देकर 2 लाख 30 हजार रुपये ठग लिए गए थे।पीड़ित के अनुसार, उसे एक फोन कॉल आया, जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को बैंक से जुड़ा अधिकारी बताया। आरोपी ने कहा कि उसके बेटे की बीमा पॉलिसी की राशि किसी अन्य व्यक्ति को ट्रांसफर हो रही है और यदि वह पॉलिसी बंद करवा देता है तो उसे लाखों रुपये मिल सकते हैं। झांसे में आकर रामदास ने पहले सिक्योरिटी और बाद में जीएसटी के नाम पर कुल 2.30 लाख रुपये आरोपियों द्वारा बताए गए खातों में ट्रांसफर कर दिए। जब काफी समय तक पैसे वापस नहीं मिले, तब पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ और उसने साइबर थाना में शिकायत दर्ज करवाई।

## इंदु ने वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर बनाया पांचवां विश्व रिकॉर्ड

**रोहतक।** भारत की धरोहर पर यह इंदु नांदल का पांचवां विश्व रिकॉर्ड है, जो 'वंदे मातरम' की 'शस्य-श्यामलाम मातरम' पंक्तियों पर आधारित है। भारत के राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर 26 जनवरी 2026 को इंदु ने यह विश्व रिकॉर्ड बनाया। इंदु नांदल ने जर्मनी में रहते हुए वर्ष 2021 में 'वंदे मातरम परिवार' की स्थापना की, जिसका उद्देश्य भारत की अनमोल धरोहर को विश्वभर में फैलाना, देशप्रेम जागृत करना और हिंदी भाषा को बढ़ावा देना है। इस विश्व रिकॉर्ड में विश्वभर से 91 कवि-कवयित्रियों ने भाग लिया और भारतीय पेड़-पौधों व फूलों पर 101 कविताएं लिखीं। यह पुस्तक दोहे, हाइकु, गीत और कविताओं का सुंदर मिश्रण है। इंदु का उद्देश्य युवाओं को भारत पर अधिक से अधिक लिखने के लिए प्रेरित करना है, क्योंकि उनका मानना है कि युवा पीढ़ी ही भविष्य में मातृभाषा और मातृभूमि की जिम्मेदारी संभालेगी।अब तक विश्व में हरियाणवी भाषा में हाइकु लेखन नहीं हुआ था, लेकिन इस पुस्तक में इंदु द्वारा लिखे गए हरियाणवी हाइकु भी शामिल हैं।काव्य के क्षेत्र में इंदु को भारतीय दूतावास जर्मनी और भारतीय दूतावास इंडोनेशिया द्वारा कई बार सम्मानित किया जा चुका है। आकाशवाणी से शुरू हुई उनकी काव्य यात्रा देशभक्ति और प्रकृति प्रेम से प्रेरित रही है।



# हाइवा की टक्कर से ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, सड़क पर बिखरा गेहूं

■ सांपला के पास टक्कर के बाद ट्रॉली अलग होकर पलट गई, हाइवे पर जाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सांपला



देर शाम हाइवे नंबर 9 पर सांपला के पास गेहूं लेकर जा रहे ट्रेक्टर ट्राली में एक हाइवा ट्रक ने टक्कर मार दी। सड़क पर हुए हादसे से मार्ग जाम हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर रास्ता खुलवा। पुलिस ने इस्माईला के किसान सोनू के ब्यान पर ट्रक चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। बताया गया कि देर रात इस्माईला निवासी सोनू गेहूं ट्रैक्टर ट्राली में भरकर कर सांपला मंडी में बेचने के लिए ले जा रहा था। जब वह सांपला के पास पहुंचा तो पीछे से आ रहे हाइवा ट्रक ने ट्राली में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ट्राली ट्रैक्टर से अलग हो गई और सड़क पर पलट गई। गेहूं सड़क पर बिखर गए। इस हादसे में चालक को हल्की चोट लगी। पुलिस ने दिन में रास्ता खुलवाया।

कोटा, चंडीगढ़, दिल्ली के बाद अब रोहतक में भी स्पेशल कोचिंग
IIT-JEE | NEET | NDA
6th to 12th Class & Board
ADMISSION OPEN
MEGA SEMINAR
&
SCHOLARSHIP TEST
18 April Saturday 11 am
1 WEEK FREE TRIAL CLASS BEFORE ADMISSION
100% SCHOLARSHIP FREE SCHOOLING
KOTA CLASSES
144-L Model Town Near CR Polytechnic College, Rohtak M. 97285-44433

## नीरज चोपड़ा और बजरंग पूनिया का उदाहरण देकर खेलों से जुड़ने का किया आह्वान

*शिक्षा प्रणाली में बदलाव और स्वास्थ्य पर जोर*

# खुद को पहचानें और कभी हार न मानें यही सफलता का मूल मंत्र : संग्राम सिंह

रोहित डागर ▸▸| रोहतक

■ जिस पृष्ठभूमि से आप हैं उस पर गर्व करें

खुद को नहीं पहचानना ही हमारी हार है। जिंदगी में हार ना मानना ही जीत का मंत्र है। जिस पृष्ठभूमि से आप हैं, उस पर गर्व करें। ऐसा कहना है फिट इंडिया मूवमेंट के फिटनेस आइकन और एमएमए की दुनिया में इतिहास रचने वाले संग्राम सिंह का। अंतरराष्ट्रीय पहलवान संग्राम सिंह ने रोहतक में एक कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने न केवल अपनी लगातार तीसरी जीत का जश्न मनाया, बल्कि आधुनिक जीवनशैली, शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य पर राय रखी।

### जंक फूड छोड़ें और मिट्टी से जुड़ें युवा



पिज्जा-बर्गर को कहें ना संग्राम सिंह ने युवाओं को चेतावनी देते हुए कहा कि फास्ट फूड और कोल्ड ड्रिंक्स आने वाली पीढ़ी को अंदर से खोखला कर रहे हैं। उन्होंने देसी डाइट के बारे में बात करते हुए पुराने समय के गांवों का उदाहरण दिया, जहां दूध-घी की प्रचुरता और शारीरिक मेहनत ही सेहत का असली राज थी। उन्होंने मशहूर हस्तियों से भी अपील की कि वे ऐसे उत्पादों का विज्ञापन न करें जो युवाओं के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हों।

### खेलोगे -कूदोगे तो बनोगे लाजवाब

पुरानी कहावत को बदलते हुए संग्राम ने खेलों को करियर और चरित्र निर्माण का सबसे बड़ा जरिया बताया। उन्होंने कहा कि खेल केवल मेडल जीतने के लिए नहीं, बल्कि नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने और 100 साल तक स्वस्थ जीने का माध्यम है। उन्होंने नीरज चोपड़ा और बजरंग पूनिया जैसे खिलाड़ियों का उदाहरण देते हुए युवाओं को खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

### शिक्षा प्रणाली में बदलाव की जरूरत

शिक्षा पर बात करते हुए उन्होंने किताबी ज्ञान की सीमाओं पर सवाल उठाए। उनका मानना है कि स्कूलों में केवल गणित के सूत्र या विज्ञान के फार्मूले नहीं, बल्कि रिश्तों को निभाना और पैसों का प्रबंधन सिखाया जाना चाहिए। उन्होंने लोगों से सरकारी शिक्षा व्यवस्था का समर्थन करने की अपील की।

### व्यायाम कभी नहीं छोड़े

संग्राम सिंह ने कहा कि जीवन में हार-जीत कुछ नहीं होती। पिछले 33 वर्षों से बिना रुके वर्कआउट कर रहा हूं। बुखार हो या थकान, लेकिन मैंने कभी भी व्यायाम करना नहीं छोड़ा।

### डाइट और फिटनेस मंत्र प्रोटीन शेक बनाम चूरमा

ग्राम सिंह ने स्पष्ट किया कि वे आज भी प्रोटीन शेक के बजाय देसी चूरमा, हलवा और मीठा खाना पसंद करते हैं। उनके अनुसार, सुबह की ट्रेनिंग रात के मुकाबले कहीं अधिक प्रभावी होती है। उन्होंने साझा किया कि 33-34 साल की उम्र में भी उच्च स्तर पर खेलना उनके कड़े अनुशासन का परिणाम है।

### स्पोर्ट्स फिल्म और एक नया शो लेकर आ रहे

संग्राम सिंह आज भी अपने गांव की गलियों में एटलस साइकिल चलाना पसंद करते हैं। उन्होंने खुलासा किया कि वे जल्द ही खेलों पर आधारित एक स्पोर्ट्स फिल्म और एक नया शो लेकर आ रहे हैं, जिसका उद्देश्य युवाओं को प्रेरित करना और उन्हें तनाव व डिप्रेशन से बाहर निकालना होगा।

### सांपला नगर पालिका चुनाव 10 मई को, 13 को आएंगे नतीजे

**रोहतक।** नगर पालिका सांपला के प्रधान और 16 वार्डों के चुनाव का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है।



उपायुक्त सचिन गुप्ता के अनुसार 10 मई को सुबह 8 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा, जबकि 13 मई को मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। नामांकन 21 से 25 अप्रैल तक भरे जाएंगे, 27 को जांच और 28 अप्रैल तक नाम वापसी की जा सकेगी। आचार संहिता लागू कर दी गई है। चुनाव प्रक्रिया के लिए अंकिता पंवार को रिटर्निंग अधिकारी बनाया गया है। प्रशासन ने निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं।

## गलत पार्किंग के कारण मेडिकल मोड़ पर मरीज, डॉक्टर और राहगीर-सब 'जाम के चक्कर' में फंसे

# छुट्टी वाले दिन 90 व ड्यूटी वाले दिन 40 फुट रह जाती है सड़क

नीरज वर्मा ▸▸| रोहतक

शहर का सबसे व्यस्त और संवेदनशील इलाका मेडिकल मोड़ इन दिनों 'जाम का जंक्शन' बनता जा रहा है। हालात ऐसे हैं कि सरकारी छुट्टी वाले दिन जहां सड़क अपनी पूरी 90 फुट चौड़ाई में नजर आती है, वहीं ड्यूटी वाले दिन यही सड़क सिमटकर महज 40 फुट रह जाती है। वजह साफ है अतिक्रमण, बेतरतीब पार्किंग और ट्रैफिक प्रबंधन की कमी। सुबह से लेकर देर रात तक यहां वाहनों की लंबी कतारें लगना आम बात हो गई है। मरीजों, तीमारदारों, मेडिकल स्टाफ और आम राहगीरों के लिए यह जाम रोज़ का सिरदर्द बन चुका है। एंबुलेंस तक कई बार जाम में फंस जाती हैं, जिससे हालात और गंभीर हो जाते हैं।

### चला रहे अभियान

मेडिकल मोड़ पर जाम की समस्या को गंभीरता से लिया जा रहा है। अवैध पार्किंग और अतिक्रमण के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही, संबंधित विभागों के साथ मिलकर पार्किंग के स्थायी समाधान पर भी काम किया जा रहा है। आम जनता से भी अपील की है कि वे निर्धारित स्थानों पर ही वाहन पार्क करें और ट्रैफिक नियमों का पालन करें, ताकि जाम की समस्या को कम किया जा सके। -रवि खुंडिया, ट्रैफिक डीएसपी





रोहतक। मेडिकल मोड पर छुट्टी वाले दिन का फोटो और कार्यदिवस वाले दिन लगा जाम। जहां पर सबसे ज्यादा राहत की जरूरत है वहां लोगों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### जानें...क्यों बढ़ रहा है मेडिकल मोड़ पर जाम

- सड़क किनारे अवैध पार्किंग
- दुकानों के बाहर अतिक्रमण
- सफेद पार्किंग लाइन का गायब होना
- ट्रैफिक पुलिस की सीमित मौजूदगी
- बढ़ती वाहन संख्या

### समाधान क्या हो सकते

- मल्टी-लेवल पार्किंग का निर्माण
- सख्ती से नो-पार्किंग जोन लागू करना
- अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान
- ट्रैफिक पुलिस की नियमित तैनाती
- रोड मार्किंग (सफेद पट्टी) दोबारा बनाना

### अतिक्रमण और पार्किंग ने छीनी सड़क की चौड़ाई

मेडिकल मोड़ के आसपास सड़क के दोनों किनारों पर वाहनों की लंबी कतारें खड़ी रहती हैं। दुकानदारों द्वारा किया गया अतिक्रमण भी स्थिति को और बिगाड़ रहा है। सड़क किनारे बनी सफेद पार्किंग लाइनें अब लगभग गायब हो चुकी हैं, जिससे वाहन चालक अपनी सुविधा के अनुसार कहीं भी गाड़ी खड़ी कर देते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सड़क के दोनों ओर सही तरीके से पार्किंग व्यवस्था लागू की जाए, तो जाम की समस्या काफी हद तक कम हो सकती है।

### छुट्टी और कार्यदिवस पर अलग-अलग तस्वीर

मेडिकल मोड़ पर ट्रैफिक की स्थिति छुट्टी और कामकाजी दिन के हिसाब से पूरी तरह बदल जाती है। अवकाश के दिन जब अस्पतालों और बाजारों में भीड़ कम होती है, तब सड़क अपनी असली चौड़ाई में दिखाई देती है। लेकिन जैसे ही ड्यूटी वाले दिन यानि सामान्य वर्किंग डे शुरू होते हैं, वही सड़क सिमटकर आधी रह जाती है। यह अंतर बताता है कि असल समस्या सड़क की चौड़ाई नहीं, बल्कि अव्यवस्थित पार्किंग और अतिक्रमण है। जिससे लोगों को परेशानी झेलनी पड़ती है।

### हर दिन की जंग बन गया लोगों का सफर

मेडिकल मोड़ से गुजरने वाले लोगों का कहना है कि यहां से निकलना किसी जंग से कम नहीं है। कई बार ट्रफिक जाम के कारण मात्र 10 मिनट का रास्ता पार करने में ही आधे घंटे से ज्यादा समय लग जाता है। मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में देरी हो रही है, जिससे लोगों में रोष भी बढ़ रहा है। एक स्थानीय दुकानदार ने बताया कि "ग्राहक भी जाम के कारण आने से कतराते हैं। अगर पार्किंग की व्यवस्था हो जाए, तो व्यापार पर भी अच्छा असर पड़ेगा।

### ये हैं संभव विकल्प

1. पीजीआई के आसपास खाली सरकारी जमीन
मेडिकल मोड़ के पास पीजीआई क्षेत्र में कई स्थानों पर सरकारी जमीन उपलब्ध है। यहां मल्टी-लेवल पार्किंग बनाई जा सकती है, जिससे सैकड़ों वाहनों को व्यवस्थित तरीके से खड़ा किया जा सके।
2. दिल्ली रोड पर अलग पार्किंग जोन
दिल्ली रोड के किनारे हो रही पार्किंग हटा एक अलग पार्किंग जोन विकसित करना जरूरी है। इससे मुख्य सड़क पर वाहनों का दबाव कम होगा और ट्रैफिक सुचारू रूप से चल सकेगा।



रोहतक। मीटिंग लेते नगर निगम आयुक्त एवं जिला उपायुक्त सचिन गुप्ता।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025–26 के लिए रोहतक तैयार

## 'दिखे साफ, रहे साफ' मॉडल पर फोकस

- स्वच्छता सर्वोच्च प्राथमिकता, समग्र रणनीति के साथ नगर निगम का बड़ा अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025–26 में उत्कृष्ट रैंकिंग प्राप्त करने के लक्ष्य के साथ नगर निगम ने एक समग्र, आक्रामक एवं परिणाम-केंद्रित स्वच्छता अभियान शुरू किया है। इस अभियान का मूल आधार है शहर केवल साफ हो ही नहीं, बल्कि हर समय साफ दिखाई भी दे। इसी सोच के साथ "दिखे साफ, रहे साफ" मॉडल को लागू किया गया है, जिसमें दृश्यमान स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है।

नगर निगम द्वारा सभी विभागों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि मैदानी स्तर पर किए जा रहे कार्य और पोर्टल पर दर्ज डेटा में पूर्ण समानता सुनिश्चित की जाए। किसी भी प्रकार की विसंगति को सीधे प्रदर्शन पर असर डालने वाला माना गया है। इसके लिए एमआईएस, जियो-टैगिंग, फोटो-वीडियो साक्ष्य एवं रिकॉर्ड्स को पूरी तरह अपडेट रखने की व्यवस्था की गई है, जबकि प्रत्येक वार्ड में नोडल अधिकारी नियुक्त कर 24×7 कंट्रोल रूम आधारित निगरानी तंत्र स्थापित किया गया है। नगर निगम आयुक्त एवं जिला उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि इस प्लानिंग के तहत कार्य किया जाएगा।

### नो गार्बेज, नो स्टेन की नीति लागू

शहर में अब "नो गार्बेज, नो स्टेन" की नीति को सख्ती से लागू किया गया है। कचरे के ढेर, पान-गुटखा के दाग और खुले में गंदगी के प्रति जीरो टॉलरेंस अपनाते हुए यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी स्थान गंदगी का केंद्र न बने। नियमित सफाई, धुलाई, नालों की सफाई और जलभराव मुक्त व्यवस्था के साथ बाजारों, पार्कों, बस स्टैंड और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।



## डॉ. आंबेडकर जयंती पर प्रतिभाओं का सम्मान

रोहतक। माडौधी (रागडान) में भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर चौपाल में सरपंच प्रतिनिधि बिजेंद्र कुमार के नेतृत्व में एक भव्य कार्यक्रम सायंकाल के दौरान हुआ। इस अवसर पर गांव के प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बाबा साहेब के नाम का केक काटकर जयंती को उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा जिला प्रभारी (सभी प्रकोष्ठ) डॉ. अशोक कुमार रंगा ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. आंबेडकर ने अपने जीवन को समाज के वंचित, शोषित एवं नारी वर्ग के अधिकारों के लिए समर्पित किया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सुनील अहलावत ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. आंबेडकर का जीवन संघर्ष, शिक्षा और आत्मसम्मान की प्रेरणा का प्रतीक है।



## श्री लालनाथ हिन्दू कॉलेज में इंटर्नशिप पर व्याख्यान

रोहतक। श्री लाल नाथ हिंदू कॉलेज में में इंटर्नशिप जागरूकता विषय पर एक विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वाणिज्य विभाग, करियर गाइडेंस सेल एवं कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा फडीडीआई रोहतक के सहयोग से किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य अनिल कुमार तनेजा ने की। मुख्य वक्ता अनिल यादव ने विद्यार्थियों को रिटेलिंग और सप्लाई चेन मैनेजमेंट के क्षेत्र में इंटर्नशिप का महत्व बताया। साथ ही बताया कि आधुनिक तकनीक, सॉफ्टवेयर सिस्टम, डेटा मैनेजमेंट और ऑटोमेशन के उपयोग से उत्पादन प्रक्रिया को अधिक सुरक्षित, तेज और प्रभावी बनाया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रीना कत्याल ने किया। अंत में वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रश्मि छाबड़ा ने मुख्य वक्ता व सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ. दीप्ति शर्मा, डॉ. सनी कपूर, डॉ. सीमा गोसाई, डॉ. आंचल, रीतू एवं अंकिता भी मौजूद रहीं।



## नेशनल जंप रोप में बाबा मस्तनाथ स्कूल का दबदबा

रोहतक। नासिक (महाराष्ट्र) में 27 से 29 मार्च 2026 तक हुई 'जंप रोप सीनियर नेशनल चैंपियनशिप 2025–26' में श्री बाबा मस्तनाथ पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने न केवल स्वर्ण और कांस्य पदक जीते, बल्कि तीन खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का गौरव भी हासिल किया है। अंडर–14 में अक्षित बेहतरीन खेल दिखाते हुए 2 स्वर्ण पदक झटके। राजन कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच 1 स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उर्जिता शानदार कौशल की बदौलत 2 स्वर्ण पदक जीते। उर्जिता का चयन अब चीन में होने वाली आगामी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। सीनियर में रौनक ने शानदार प्रदर्शन कर 2 कांस्य पदक जीते। इनका चयन शाओशिंग, चीन में होने वाली एशियन चैंपियनशिप के लिए किया गया है। हर्ष ने दमखम दिखाते हुए 1 कांस्य पदक जीता। हर्ष भी चीन में आयोजित होने वाली एशियन चैंपियनशिप में भारत की चुनौती पेश करेंगे।



## हाईकोर्ट जज नीरजा कल्सन ने बच्चों संग किया लंच

रोहतक। नीरजा कुलवंत कल्स के पदोन्नत होने के बाद उनका एक संवेदनशील और प्रेरणादायक रूप सामने आया। उन्होंने चौ. लखीराम आर्य जगन्नाथ आश्रम पहुंचकर वहां रह रहे बच्चों के साथ समय बिताया और उन्हें उनके मनपसंद व्यंजनों का लंच करवाया। आश्रम में पहुंचने पर बच्चों ने तालियों की गड़गड़ाहट से जज साहिबा का स्वागत किया। इस दौरान बच्चों ने वेद मंत्रों का उच्चारण कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की, जिससे माहौल पूरी तरह भावुक और सकारात्मक बन गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

## शिक्षक निजी स्वार्थ को त्याग विवि के हित में कार्य करें: प्रो. मिलाप पुनिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

- एमडीयू कुलपति ने यज्ञ, शहीदों को नमन और महापुरुषों को श्रद्धांजलि से दिया राष्ट्र निर्माण का संदेश

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो मिलाप पुनिया ने विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेते हुए न केवल प्रशासनिक सक्रियता दिखाई, बल्कि विद्यार्थियों और स्टाफ को समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संदेश भी दिया। उन्होंने शिक्षकों से निजी स्वार्थ त्यागने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षक निजी स्वार्थ को त्यागकर विवि के हित में कार्य करे। उन्होंने कहा कि जब तक हम व्यक्तिगत हितों से ऊपर उठकर समाज और राष्ट्र के लिए काम नहीं करेंगे, तब तक वास्तविक विकास संभव नहीं है। दिन की शुरुआत मातू राम यज्ञशाला में हवन यज्ञ से हुई। उन्होंने अपने संबोधन में स्वामी दयानन्द सरस्वती के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह देवभूमि उनके आदर्शों से प्रेरित है। यहां से मानवता, सेवा और राष्ट्रभक्ति का संदेश पूरे देश में जाना चाहिए। कुलपति ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अनुशासन, समर्पण और सकारात्मक सोच के साथ विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक ले जाएं।



रोहतक। स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के बाद मौजूद कुलपति प्रो. मिलाप पुनिया और अन्य शिक्षक। फोटो: हरिभूमि

## नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में महिला आरक्षण पर जोर

रोहतक। प्रशासन की तरफ से बुधवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के राधाकृष्णन सभागार में आयोजित जिला स्तरीय नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में भाजपा पदाधिकारियों और वक्ताओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। सम्मेलन में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने और 33 प्रतिशत आरक्षण को 2029 के चुनावों में लागू करने के संकल्प को घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, प्रदेश सचिव रेणू डाबला और सम्मेलन की संयोजिका प्रतिभा सुमन सहित अन्य वक्ताओं ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में उचित प्रतिनिधित्व दिलाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान से हरियाणा में लिंगानुपात में सुधार हुआ है और समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित हुई है। उन्होंने महिला सुरक्षा के लिए बनाए गए महिला थानों और विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार महिलाओं को हर स्तर पर सशक्त बनाने के लिए कार्य कर रही है। जिला अध्यक्ष रणवीर सिंह ढाका ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत आर्थिक रूप से मजबूत होकर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। उन्होंने महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त करने के लिए आरक्षण लागू करने की दिशा में सरकार के प्रयासों को सराहा और कहा कि महिलाएं देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।



रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व गृहमंत्री सुभाष बतरा। फोटो: हरिभूमि

## 300 करोड़ के जमीन घोटाले में अफसरों ने सरकार को गुमराह किया: सुभाष बतरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

- बोले आईएमटी चौक के पास लगभग 18 .5 एकड़ जमीन की खरीद से जुड़े मामले में विधानसभा में दिए गए तथ्य सही नहीं थे

रोहतक में जमीन सौदे को लेकर कथित 300 करोड़ रुपये के घोटाले पर सियासत तेज हो गई है। पूर्व गृहमंत्री सुभाष बतरा ने सरकार पर गलत जानकारी देने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि आईएमटी चौक के पास लगभग 18.5 एकड़ जमीन की खरीद से जुड़े मामले में विधानसभा में दिए गए तथ्य सही नहीं थे और अधिकारियों ने सरकार को गुमराह किया। मैना टूरिज्म में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व विधायक बतरा ने कहा कि राज्य सरकार ने दावा किया था कि सरकार ट्रिब्यूनल के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट गई थी, जबकि ऐसा नहीं हुआ। उनके अनुसार, सुप्रीम कोर्ट में एक निजी याचिका दायर की गई थी, जिसे यह कहकर खारिज कर दिया गया कि मामला पहले से ही ट्रिब्यूनल में लंबित है। उन्होंने सरकार पर दबाव में काम करने का आरोप भी लगाया।

## 'नारी शक्ति वंदन' पर 28 अप्रैल तक चलेगा जागरूकता अभियान

रोहतक। डीसी सचिन गुप्ता ने बताया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए जिला में 28 अप्रैल 2026 तक विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत विभागीय भजन मंडलियां और जिला स्तर पर अनुबंधित छह भजन पार्टियां लोक गीतों के माध्यम से गांव-गांव और शहरों में लोगों को अधिनियम की जानकारी दे रही हैं।



## एनेस्थीसिया विभाग ने राष्ट्रीय स्तर पर 5 पुरस्कार जीते

रोहतक। इंदौर में 10 से 12 अप्रैल तक आयोजित रिसर्च सोसायटी ऑफ एनेस्थीसियोलॉजी की 34वीं वार्षिक राष्ट्रीय एवं 5वीं अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस 'आरएसएसीपीकॉन-2026' में पीजीआईएमएस रोहतक के एनेस्थीसिया विभाग ने उत्कृष्ट अकादमिक प्रदर्शन करते हुए पांच राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार अर्जित किए। इस प्रतिष्ठित शैक्षणिक मंच पर देश-विदेश के 2000 से अधिक एनेस्थीसिया विशेषज्ञों ने सहभागिता की और साक्ष्य-आधारित शोध पत्र प्रस्तुत किए। सभी चिकित्सकों को बधाई देते हुए कुलपति डॉ एच के अग्रवाल ने कहा कि निश्चेतन विभाग के चिकित्सकों ने विभागाध्यक्ष डॉ एस के सिंघल के मार्गदर्शन में 5 राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करके संस्थान का नाम रोशन किया है, जिसके लिए संस्थान को सभी चिकित्सकों पर गर्व है। डॉ एच के अग्रवाल ने कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की अकादमिक उत्कृष्टता एवं अनुसंधान-निष्ठ प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## एमडीयू हॉस्टल-9 में सुविधाएं शून्य, रोष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

एमडीयू के हॉस्टल नंबर 9 में रहने वाले छात्रों ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। छात्रों ने हॉस्टल के मेन गेट पर प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों ने मेन गेट पर ताला लगा दिया था। छात्रों के प्रदर्शन की सूचना मिलते ही चीफ वार्डन डॉ. सुधीर वहां पहुंचे। । उन्होंने छात्रों की समस्याओं को सुनने के बाद आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं को जल्द ही समाधान किया जाएगा। चीफ वार्डन ने हॉस्टल में जाकर सभी समस्याओं का जायजा लिया। हॉस्टल में मूलभूत सुविधाओं के अभाव और गिरते स्वच्छता स्तर से परेशान होकर, छात्रों ने सामूहिक रूप से विश्वविद्यालय के चीफ वार्डन को एक औपचारिक शिकायत पत्र सौंपा है। छात्रों का कहना है कि हॉस्टल में उपलब्ध पानी ठीक से फिल्टर नहीं किया जा रहा है, जिससे पानी के दूषित होने का खतरा बढ़ गया है। कॉरिडोर, कॉमन एरिया और आसपास के परिसर की नियमित सफाई नहीं हो रही है। शौचालयों में लाइट नहीं है, फ्लश खराब हैं। मेस की स्थिति भी चिंताजनक है। छात्रों ने समस्याओं के सामधान की मांग की है।



रोहतक। वाटर कूलर का पानी चेक करते अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

कार्यक्रम | कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने महम मंडी में लिया खरीद प्रबंधों का जायजा

उप अनाज मंडी बनाने की सभी औपचारिकताएं पूरीं, फाइल चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव पंचकूला को भेजी

# फरमाणा खास में 32 एकड़ जमीन में बनाई जाएगी उप अनाज मंडी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महम

प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा बुधवार सुबह महम अनाज मंडी में पहुंचे और गेहूं खरीद प्रबंधों का जायजा लिया। एडीसी नरेंद्र कुमार, महम के एसडीएम विपिन कुमार व मंडी सचिव दीपक कुमार को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कहा कि किसी भी प्रकार से किसानों और आढ़तियों को दिक्कत नहीं आनी चाहिए। ट्रक चालकों ने बताया कि उनके ट्रक गेहूं से भरे हुए अनाज मंडी में कई दिन तक खड़े रहते हैं। उनके आऊट गेट पास नहीं बनते। उसके बाद कृषि मंत्री ने उच्च अधिकारियों से फोन पर बातचीत की और गेट पास को लेकर साइट में आ रही प्रोब्लम को दूर करने का आदेश दिया।



महम। अनाज मंडी महम में किसानों, आढ़तियों, सरपंचों और अधिकारियों के साथ बातचीत करते कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा। फोटो: हरिभूमि

### कई गांवों के सरपंचों ने कृषि मंत्री से की मुलाकात

इस दौरान कई गांवों के सरपंचों ने कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि फरमाणा खास गांव की पंचायत ने गांव में उप अनाज मंडी (सब यार्ड) बनाने के लिए 32 एकड़ 2 कनाल व 11 मरले जमीन देने का प्रस्ताव मार्केटिंग बोर्ड के पास भेजा हुआ है। सभी औपचारिकताएं पूरी की जा चुकी हैं। सब यार्ड बनाए जाने संबंधित फाइल विभाग के पंचकूला स्थित मार्केटिंग बोर्ड के मुख्यालय में मुख्य प्रशासक के पास भेजी जा चुकी है। सरपंचों ने मंत्री से कहा कि यदि फरमाणा में उप अनाज मंडी बन जाएगी तो उन्हें अपनी फसल बेचने के लिए जुलाना और महम नहीं जाना पड़ेगा।

### जरूरत 20 एकड़ की, दे रखी है 32 एकड़ जमीन

सब यार्ड के लिए 15 से 20 एकड़ जमीन की जरूरत होती है। लेकिन फरमाणा खास ग्राम पंचायत ने 32 एकड़ 2 कनाल 11 मरले जमीन दी है। सरपंच सविता ने बताया कि नवंबर 2025 में गांव में एक ग्राम सभा का आयोजन किया था। जिसमें सर्व सम्मति से गांव में अनाज मंडी के लिए जमीन देने का प्रस्ताव पास किया गया था। उसके बाद ग्राम पंचायत ने भी प्रस्ताव पास किया था। महम अनाज मंडी सचिव दीपक कुमार ने मंडी के लिए फिजिबिलिटी चेक की थी। विभिन्न प्रक्रियाओं से गुजरते हुए फाइल मुख्य प्रशासक के पास गई हुई है। अब कृषि मंत्री ने भी मंडी बनाने की घोषणा कर दी है।

### रोहतक व सांपला मंडी का भी किया निरीक्षण

रोहतक/सांपला। कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी तथा मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने बुधवार को रोहतक और सांपला की अनाज मंडियों का भी दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मंडियों में मौजूद किसानों और आढ़तियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही निपटारा कराया। मंत्री ने बताया कि बारदाने की कोई कमी नहीं है और फसल उठान में आ रही दिक्कतों को भी दूर किया जा रहा है। ट्रैफिक जाम की समस्या को कम करने के लिए गेट पास प्रणाली में बदलाव किया गया है। अब एंट्री और आउटसाइड गेट पास को अलग-अलग कर दिया गया है, जिससे मंडियों में आवाजाही अधिक व्यवस्थित और तेज हो सकेगी। यह भी बताया कि प्रदेश में फसल सीजन अब पहले की तुलना में कम समय में सिमट गया है, जिसके चलते एक साथ बड़ी मात्रा में फसल मंडियों में पहुंच रही है। ऐसे में सरकार ने नई व्यवस्थाएं लागू की हैं, जिससे किसानों को राहत मिलेगी।

## सांपला की मंडी में किसान बनकर पहुंचे रणदीप हुड्डा

सांपला। वालीवुड एक्टर रणदीप हुड्डा बुधवार को अचानक एक किसान बन कर सांपला अनाज मंडी पहुंचे। उन्होंने गेहूंआ रंग का कुर्ता सफेद पायजामा और सिर पर सफेद गमछा डाला हुआ था। वे लाल रंग टू फिल्म के सिलसिले में आए थे और गांधरा गांव के अलावा रोहतक में कई स्थानों पर सूट लिए गए। मंडी में लोग भी उन्हें ठीक से नहीं पहचान पाए। जब लोगों को उनके साथ गार्ड और एक व्यक्ति धूप से बचाने के लिए साथ छाता लेकर चलता दिखाई दिया तो लोग उन्हें पहचान पाए। उन्होंने दो तीन लोगों से बात भी की और जल्दी ही मंडी से निकल गए।

## बहलबा में कुश्ती नर्सरी के ट्रायल आज, खो-खो के कल

महम। बहलबा गांव में कुश्ती और खो खो खेल नर्सरी के लिए ट्रायल आयोजित की जाएंगी। ग्राम पंचायत बहलबा बजाण की सरपंच ज्योति राठी ने बताया कि 16 अप्रैल को शाम चार बजे गांव के शहीद राजबीर स्मारक के पास कुश्ती खेल के लिए खिलाड़ियों की ट्रायल ली जाएगी। इस ट्रायल में 14 से 19 वर्ष के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। इसी प्रकार 17 अप्रैल को शाम चार बजे खो खो खेल की ट्रायल आयोजित की जाएगी। ट्रायल पास करने वाले खिलाड़ियों को मानदेय भी दिया जाएगा।